संख्या-2/2015/335/चौदह-3-15-60/1992

प्रेषक,

लाल जी राय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।

वन अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 06 नवम्बर, 2015

विषय- उ0प्र0 वन निगम के स्केलर एवं लौंगिग सहायक के वेतन बैण्ड तथा ग्रेड वेतन-पे उच्चीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- ई-8682/प्रबन्ध मण्डल पत्राचार, दिनांक 23.01.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों पर लिए गये निर्णय तथा सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1105/44-1-209-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 में निहित व्यवस्था के क्रम में गठित अधिकृत समिति (Empowered committee) की संस्तुतियों पर विचारोपरान्त उ0प्र0 वन निगम में स्केलर के पद की वर्तमान में निर्धारित अर्हता हाई स्कूल के स्थान पर इण्टर मीडिएट करते हुए वर्तमान में अनुमन्य ग्रेड वेतन 1800/- के स्थान पर उच्चीकृत ग्रेड वेतन रू0 1900/- तथा लौंगिग सहायको को अनुमन्य ग्रेड वेतन रू0 1900/- के स्थान पर उच्चीकृत ग्रेड वेतन रू0 2400/- इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से स्वीकृत किये जाने पर सहर्ष स्वीकृति एतद्वारा प्रदान की जाती है।

3- उपर्युक्तानुसार ग्रेड वेतन में उच्चीकरण पर आने वाले व्ययभार निगम द्वारा अपने श्रोतों से वहन किया जायेगा।

4- उच्चीकृत ग्रेड वेतन में संबंधित पदधाराकों का वेतन निर्धारण शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-841/दस-2009-59(एम)/2008, दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

5- कृपया उपर्युक्तानुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

http://shasanadesh.up.nic.in/

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई0-7-973/दस-2015, दिनांक 06.11.2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

लाल जी राय,
विशेष सचिव।

संख्या- 335(1)/चौदह-3-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन।
7- सर्वाजनिक उद्यम विभाग अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
8- प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0 लखनऊ।
9- महालेखाकार (वाणिज्यिक) उ0प्र0 लखनऊ।
10- अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(एम0एल0शुक्ला)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/